मॉनसून के पहले पूरा हो गया मेट्रो टनल

एमआईडीसी स्टेशन का काम शुरू

सुजीत गुप्ता / मुंबई

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-३ का काम काफी तेजी से चल रहा है। मॉनसून से पहले ही मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने मेट्रो-३ के एमआईडीसी स्टेशन के टनल का काम पूरा कर लिया है। एमआईडीसी स्टेशन इस परियोजना का ऐसा पहला स्टेशन है, जहां के स्टेशन टनल का काम पूरा हुआ है।

- **पैकेज ७ मरोल टू एमआईडीसी**
- **७ किमी में से ४ किमी का काम पूरा**
- **स्टेशन बेस स्लैब का काम ८० प्रतिशत पूरा**

बता दे कि एमआईडीसी स्टेशन की लंबाई २४० मीटर और चौडाई २१ मीटर है जबकि यह स्टेशन जमीन से २० मीटर गहरा है। पैकेज-७ में मरोल नाका, एमआईडीसी सीप्ज स्टेशन आते है। ७ किमी के इस रूट मे से ४ किमी टनलिंग का काम अप-डाउन दिशा में पूरा हो चुका है जबकि मेट्रो प्रशासन ने एमआईडीसी स्टेशन की मिट्टी निकालने का काम भी शत-प्रतिशत कर लिया है। जानकारी के लिए बता दे कि एमआईडीसी स्टेशन का काम कट एंड कवर तकनीक से किया जा रहा है। एमआईडीसी स्टेशन दो मंजिला अंडरग्राउंड होगा, जिसमे स्टेशन के सबसे नीचे प्लेटफॉर्म लेबल, उसके बाद कोनकोर्स लेवल जबकि स्टेशन के भीतर आने-जाने के लिए जमीन पर चार एंट्री एक्जिट डोर होंगे। कोनकोर्स लेवल पर टिकट लेने और सुरक्षा जांच की सुविधा होगी जबकि प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर की सुविधा रहेगी। एमएमआरसीएफ ने एमआईडीसी स्टेशन के बेस स्लैब का ८० प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। फिलहाल कोनकोर्स लेवल के स्लैब का काम चल रहा है। गौरतलब है कि एमआईडीसी मेट्रो स्टेशन बन जाने के बाद इसे महाराष्ट्र पासपोर्ट मुख्यालय, एमआईडीसी उद्योग मुख्यालय आकृति बिजनेस हब और मरोल बस डिपो से जोडा जाएगा।